an>

Title: Need to repair National Highway No.75 passing through Palamu Parliamentary Constituency

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग-75 की जर्जर एवं दयनीय स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।...(व्यवधान) राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के निर्माण का कार्य आज से दस वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। इस उच्च पथ का निर्माण पड़वा मोड़, पलामू से मुरिसेवर, गढ़वा होते हुए किया जाना है। इस उच्च पथ की लम्बाई करीब एक सौ किलो मीटर है और इस पर खर्च भी करीब एक सौ करोड़ रुपये किया जाना है। इस पर अभी काम 25औ हुआ है, परन्तु खर्च 75औ किया जा चुका है। यह सड़क अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और आए दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सड़क दुर्घटना में अब तक करीब 30 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है तथा एक सौ से ज्यादा व्यक्ति ज़ख्मी हो चुके हैं। मृत व्यक्तियों का परिवार काफी दयनीय स्थिति में किसी प्रकार अपना जीवन-यापन कर रहा है। इसके आस-पास न कोई ट्रॉमा सेन्टर है और न ही कोई उपचार योग्य अस्पताल। ऐसी स्थिति में इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है कि इस सड़क का शीघ्रातिशीघ्र निर्माण होना कितना आवश्यक है। इस सड़क के निर्माण कार्य में लगे संवेदक के इकरारनामे को सरकार रद्द क्यों नहीं कर रही, यह समझ से परे है।

महोदय, ऐसी परिस्थिति में आप से अनुरोध है कि सरकार संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदकों को कड़े एवं समुचित निर्देश दे ताकि इस सड़क का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र हो सके।

HON. CHAIRPERSON : Shri B.N. Chandrappa – not present. Shri Adhir Ranjan Chowdhury.